रौल नं०.....................................नाम ...........................................

XI-50 **वार्षिक परीक्षा सन् 2024 ई०** A

# समाजशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

**समय – 3 घण्टा 15 मिनट** **कक्षा – 11** **पूर्णांक – 100**

**निर्देश:–** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न:–प्रत्येक 1 अंक)**

**नोट–**निम्न प्रश्न–खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

**1.** "समाज एक सावयव है।" यह विचार किस समाजशास्त्री का है :–
(अ) मैकाइवर एवं पेज (ब) मॉरिस जिन्सबर्ग
(स) किंग्स्ले डेविस (द) हरबर्ट स्पेन्सर।

**2.** निम्न में से कौन–सा जाति का आधार नहीं है :–
(अ) कर्म (ब) धर्म
(स) भाग्य (द) ये सभी।

**3.** विवाह का स्वरूप है :–
(अ) एक विवाह (ब) बहु विवाह
(स) अ तथा ब दोनों (द) अनेक स्वरूप।

**4.** मानव शिशु को एक सामाजिक प्राणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जाती है :–
(अ) पोषण द्वारा (ब) शिक्षा द्वारा
(स) औषधियों द्वारा (द) व्यायाम द्वारा।

**5.** अनुपालन का कारण है :–
(अ) समाजीकरण (ब) पद–सोपान
(स) सामाजिक नियंत्रण (द) ये सभी।

**6.** "विज्ञान का सम्बन्ध पद्धति से है, विषय–सामग्री से नहीं।" यह कथन है :–
(अ) कार्ल पिलर्सन् का (ब) स्टुअर्ट चेज का
(स) पी. वी. यंग का (द) लुण्डबर्ग का।

**7.** असहयोगी सामाजिक प्रक्रिया है :–
(अ) प्रतिस्पर्द्धा (ब) व्यवस्थापन
(स) आत्मसात (द) ये सभी।

**8.** वैधता सम्पन्न शक्ति को कहते हैं :–
(अ) प्रभाव (ब) सत्ता
(स) बल प्रयोग (द) अनावश्यक दबाव।

**9.** निम्न में से जल प्रदूषण से होने वाला रोग है :–
(अ) कैंसर (ब) एड्स
(स) पीलिया (द) डायबिटीज।

(पृष्ठ पलटिए)

10. नौकरशाही का अवगुण है :-

(अ) निरंकुशता का प्रदर्शन (ब) श्रेष्ठता की भावना

(स) औपचारिकता की अधिकता (द) ये सभी।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 3 अंक। उत्तर सीमा 25 शब्द।**

11. "समाज में सहयोग एवं संघर्ष दोनों पाए जाते हैं।" स्पष्ट कीजिए।
12. अर्जित प्रस्थिति के दो प्रमुख आधार बताइए।
13. नातेदारी के दो प्रमुख भेद बताइए।
14. सामाजिक मूल्यों के दो प्रमुख कार्य बताइए।
15. "पद्धति" की दो मुख्य विशेषताएँ लिखिए।
16. सामाजिक संरचना की उपयुक्त परिभाषा दीजिए।
17. सामाजिक परिवर्तन की चार विशेषताएँ बताइए।
18. ग्रामीण तथा नगरीय समुदाय में दो अन्तर बताइए।
19. 'ज्ञानोदय' से क्या आशय है?
20. 'समायोजन' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 6 अंक। उत्तर सीमा 50 शब्द**

21. 'समाज' एवं 'एक समाज' में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
22. हिन्दुओं में बहिर्विवाह के नियम को स्पष्ट कीजिए।
23. समाजीकरण क्या है?
24. संघर्ष के प्रमुख कारण बताइए।
25. पर्यावरणीय प्रदूषण क्या है?
26. मार्क्स के अनुसार विभिन्न वर्गों में संघर्ष क्यों होते हैं?

**विस्तृत उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 8 अंक। उत्तर सीमा 150 शब्द**

27. प्रस्थिति से आप क्या समझते हैं? इसके प्रमुख प्रकार कौन–से हैं?

**अथवा**

धर्म से आप क्या समझते हैं? धर्म के प्रमुख तत्व कौन–कौन से हैं?

28. संस्कृति को परिभाषित कीजिए तथा इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

**अथवा**

'सामाजिक प्रक्रियाओं' का वर्गीकरण कीजिए तथा मुख्य प्रक्रियाओं का सामान्य परिचय दीजिए।

29. पारिस्थितिकी सिर्फ प्राकृतिक शक्तियों तक ही सीमित क्यों नहीं है?

**अथवा**

मैक्स वेबर के अनुसार नौकरशाही की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। नौकरशाही के सामान्य लक्षणों या विशेषताओं का भी उल्लेख कीजिए।